# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141-2850551-75


क्रमांक पं.(1)जरारासंविवि/प्रीएसएसटी/25/619 दिनांक 28/8/25

**प्री–शिक्षाशास्त्री, प्री शास्त्री–शिक्षाशास्त्री एवं प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट–2025–26**

**अधिसूचना संख्या 01/2025**

इस विश्वविद्यालय से संबद्ध और राजस्थान में स्थित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 हेतु **द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम, चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री–शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम** एवं **द्विवर्षीय शिक्षाचार्य** पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के नियमानुसार होने वाले **प्री–शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSST)–2025, प्री–शास्त्री शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSSST)**–2025 एवं **प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट (PSAT) 2025** के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता :–

1. **प्री–शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSST)–2025 :** विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से पारंपरिक धारा में शास्त्री/आचार्य परीक्षा अथवा आधुनिक धारा में स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा (संस्कृत विषय सहित) या संस्कृत विषय रहित सामान्य कला स्नातक ( संस्कृत विषय रहित सामान्य कला स्नातक को 6 माह का संस्कृत ब्रिज कोर्स एवं 21 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर के माध्यम से संस्कृत भाषा अर्हता अनिवार्य रूप से अर्जित करनी होगी) जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा तथा सामान्य कला स्नातक परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो और वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा निर्देशिका में उल्लेखित अन्य प्रवेश–अर्हताओं की पूर्ति करते हों, ऐसे अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं। शास्त्री/आचार्य, स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा तथा सामान्य कला स्नातक परीक्षा या तत्समकक्ष परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत, राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा विधवा एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

   आधुनिक धारा से तात्पर्य B.A. एवं M.A. से है एवं पारम्परिक धारा से तात्पर्य शास्त्री एवं आचार्य उत्तीर्ण विद्यार्थियों से है। जिसका विवरण निम्नानुसार है–

| आधुनिक धारा | पारम्परिक धारा |
|---|---|
| B.A. संस्कृत/कला | शास्त्री या इसके समकक्ष |
| M.A. संस्कृत/कला | आचार्य या इसके समकक्ष |

2. **प्री–शास्त्री शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSSST)–2025:** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, राजस्थान से वरिष्ठ उपाध्याय/सीनियर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा अथवा कला संवर्ग से 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थी ( संस्कृत विषय रहित कला संवर्ग से 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थी को 21 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर के माध्यम से संस्कृत भाषा अर्हता अनिवार्य रूप से अर्जित करनी होगी) अथवा इनके समकक्ष परीक्षा जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, राजस्थान, के वरिष्ठ उपाध्याय/सीनियर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो, में **सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत, राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा विधवा एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।**

3. **प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट (PSAT)–2025:**– विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्री/बी.एड. (संस्कृत शिक्षण विषय सहित) परीक्षा उत्तीण **सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 55 प्रतिशत, राजस्थान के**

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026
▪ वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ▪ई–मेल - jrrsu@yahoo.com ▪ टेलीफैक्सः 0141-2850551–75

अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा विधवा एवं विवाहविछिन्न तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

उपर्युक्त सभी परीक्षाओं हेतु वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत की गणना में एक अंक (प्वाइन्ट) भी कम स्वीकार्य नहीं होगा एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा। पात्रता परीक्षा में इस वर्ष बैठने वाले विद्यार्थी भी पीएसएसटी, पीएसएसएसटी एवं पीएसएटी परीक्षा 2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं **बशर्ते** उनके काउन्सलिंग में भाग लेने के लिए महाविद्यालय रिपोर्टिंग की अन्तिम तिथि तक प्रवेश हेतु अर्हक परीक्षा का परिणाम पात्रता प्राप्तांक सहित आ चुका हो तथा अंक तालिका पात्रता प्राप्तांक सहित उनके पास हो। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थियों से महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय अन्य किसी प्रकार का प्रोविजनल प्रमाण–पत्र अथवा समाचार पत्र में घोषित परिणाम या इंटरनेट से जारी अंकतालिका आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**अभ्यर्थियों को यह विशेष निर्देश दिये जाते हैं कि आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपनी अर्हता स्वयं जांच ले और अपनी अभ्यर्थिता संबंधी समस्त प्रामाणिक सूचनाएं सही–सही अंकित करें। आवेदन पत्र भरने के पश्चात् प्राप्त हार्ड कॉपी का विशेष अध्ययन कर उसमें रही त्रुटियों को सुधार हेतु तत्काल हेल्पालाईन नम्बर अथवा हेल्पलाईन ई–मेल पर प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। उक्त डेटा का उपयोग भविष्य में परीक्षा आवेदन–पत्र हेतु भी किया जा सकता है, उस समय आपके द्वारा भरी गई अप्रामाणिक व गलत सूचनाओं को संशोधित/बदलाव किया जाना संभव नहीं होगा। इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगें। ई–मित्र अथवा अन्य किसी पर दोषारोपण किया जाना प्रामाणिक नहीं माना जावेगा।**

**आरक्षणः**–राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, दिव्यांग, सैनिकों व उनके आश्रितों, विवाह विच्छिन्न/विधवा महिलाओं व टाडा, माडा, सहरिया क्षेत्र (सहरिया जाति) के निवासियों, आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) एवं अन्य को राज्य सरकार के नियमानुसार प्रवेश हेतु आरक्षण उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** पर उपलब्ध होंगे।

**आवेदन प्रक्रियाः– On-line Application Form** उपर्युक्त वेबसाईट के माध्यम से भरें जायेंगें। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों को भली भाँति पढ़ लेवें। **हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र किसी भी रूप में विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जायेंगे।**

**आवेदन शुल्क :–** अभ्यर्थी द्वारा आवेदन शुल्क राशि 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) वेबसाइट के माध्यम से जमा करवाये जा सकेंगे। आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् आवेदन पत्र का प्रिन्ट नहीं प्राप्त होता है तो निर्धारित अवधि में हैल्पलाइन नं. 7073704054 एवं हेल्पलाईन ई–मेल helpdesk@jrrsu.in पर संपर्क करें।

**ऑनलाईन आवेदन पत्र–** ऑनलाईन आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानी पूर्वक भर कर उसका प्रिन्ट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रख लें जिन्हें काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाना आवश्यक है और प्रवेश हेतु अभ्यर्थी द्वारा आवंटित महाविद्यालय में जमा करवाए गए समस्त दस्तावेजों की जांच करने तथा इनकी सत्यता के आलोक में अभ्यर्थी की अर्हता एवं अभ्यर्थिता को नियमानुसार जांचने और योग्य पाए जाने पर ही आवेदित पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी को प्रवेश देने की समस्त जिम्मेदारी आवंटित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी। ऑनलाईन आवेदन के समय चयनित



Scanned with OKEN Scanner

केन्द्र ही परीक्षा के लिए आवंटित किया जायेगा। पीएसएसटी, पीएसएसएसटी, पीएसएटी परीक्षा 2025 से संबंधित सभी प्रकरणों में पीएसएसटी, पीएसएसएसटी, पीएसएटी परीक्षा 2025 संचालन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

नोट–1. परीक्षार्थी अपना मोबाईल नं. सही भरें ताकि परीक्षा संबंधित सूचना एस.एम.एस. (SMS) के माध्यम से संबंधित मोबाईल नम्बर पर यथासंभव दी जा सके। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूर्ण पता मय पिनकोड के आवेदन पत्र में सही अंकित करें ताकि आवश्यकतानुसार पत्राचार किया जा सकें। ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन ही जमा (submit) करें तथा इसका प्रिन्ट प्राप्त कर अभ्यर्थी स्वयं के पास सुरक्षित रखें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर निर्धारित वेबसाइट का अवलोकन करें। किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु पृथक से विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा तथा किसी को भी पृथक् से या व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया जावेगा।

2. ऑनलाइन आवेदन पत्र बेवसाइट https://psst2025.jrrsu.in एवं www.jrrsanskrituniversity.ac.in पर दिनांक 29.08.2025 से उपलब्ध होंगे।

कुलसचिव एवं समन्वयक
**PSST, PSSST, PSAT-2025**



Scanned with OKEN Scanner